# राजा कल्याण सिंह बहादुर की जयंती पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरस्कृत

**सीकर** । दानवीर, प्रतापी, सीकर के लोक कल्याणकारी राव राजा कल्याण सिंह जी बहादुर की139वीं जयंती पर शुक्रवार को जैन स्कूल सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकुमार हरदयाल सिंह त्रैलोक्य राज्य लक्ष्मी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सर्व समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रावराजा कल्याण सिंह बहादुर के द्वारा सीकर के विकास के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, शिक्षा, पर्यावरण सहित कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ थे। अतिथि के रूप में धोद विधायक गोरधन वर्मा, जिला कलक्टर मुकुल शर्मा, कांठोस की प्रदेश प्रवक्ता अर्चना शर्मा, निवर्तमान सभापति जीवण खां, एएसपी गजेंद्र सिंह जोधा थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने रावराजा कल्याण सिंह जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके की। ट्रस्ट मंत्री पवन मोदी व संयोजक चितरंजन सिंह राठौड़ ने पदाधिकारियों के साथ अतिथियों का स्वागत माल्र्यापण, साफा व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि सीकर के राजा रहे कल्याण सिंह बहादुर ऐसे शासक रहे जिन्होंने अपने नाम के साथ-साथ जनता के कल्याण के कार्य किए थे। कहा कि कितने ही शासक जनप्रतिनिधि के रूप में आए और कितने ही चले गये। लेकिन याद उन्हें ही किया जाता है जिन्होंने समय के साथ जनता के कल्याण के कार्य किये हो जिससे वे इतिहास बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि सीकर के चप्पे-चप्पे पर कल्याण सिंहजी द्वारा किए गये कार्यों की स्मृतियां आज भी ताजा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद राज्य के गठन में जिले बनाने में सीकर को जिला बनाने के लिए भी कल्याण सिंह ने भरपूर सहयोग किया। जिले के लिए कार्यालय, जगह सभी के लिए अपने खजाने खोल दिए थे। उन्होंने भारत-पाक के युद्ध के समय भी क्विंटलों चांदी सहयोग के लिए सरकार को भेंट कर दी थी। अध्यक्षता कर रहे जयपुर ठाामीण से सांसद राव राजेंद्र सिंह ने अतिथियों के लिए स्वागत भाषण दिया। कहा कि रावराजा कल्याण सिंह जी की जयंती सर्व समाज के सहयोग से मनाई जाती है। कहा कि रावराजा कल्याण की जयंती मनाना परोपकार व परमार्थ के मार्ग पर चलने की राह दिखाने वाला है।

धोद विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि कल्याण सिंह जी का जैसा नाम है वैसे ही उनके द्वारा किये गये काम हैं। वे जनता के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। कहा कि पीड़ित की मदद करना ही कल्याण सिंह जी को श्रद्धांजलि होगी।

जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि सीकर के शासक रहे कल्याण सिंह ने सीकर को बहुत कुछ दिया है। कहा कि सीकर की जनता को उस काम को आगे बढ़ाना है जो काम कल्याण सिंह ने अपने जीवन काल में प्रारंभ किए थे। कांठोस की प्रदेश प्रवक्ता अर्चना शर्मा ने कहा कि राव राजा कल्याण सिंह जी दानवीर, शुरवीर व धार्मिक प्रवृति के थे। उनके नाम के उच्चारण से ही कल्याण हो जाता है। कहा कि कल्याण सिंहजी उस समय भी भ्रूण हत्या के खिलाफ थे। उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन दिया, मंदिरों की स्थापना की।

नगर परिषद के निवर्तमान सभापति जीवण खां ने कहा कि कल्याण सिंह जी ने सीकर में कई संस्थाएं, कार्यालय, भवन बनवाएं लेकिन कभी अपना नाम उस पर नहीं लिखवाया। वे हमेशा शिक्षा, चिकित्सा, सेवा के क्षेत्र में नवाचार करते रहते थे। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

ट्रस्ट के मंत्री पवन मोदी ने ट्रस्ट के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि ट्रस्ट रावराजा कल्याण सिंह जी बहादुर द्वारा प्रारंभ किए गए कार्यों को आज भी जारी रखा है। कहा कि ट्रस्ट द्वारा विधवा महिलाओं को पेंशन, विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप एवं कमजोर तबके के बीमार को भी इलाज के लिए सहायता की जाती है। कहा कि राव राजा कल्याण सिंह जी हमेशा सीकर की जनता की भलाई व सीकर के विकास के बारे में सोचते और कार्य करते थे। वे परोपकारी शासक थे।

कार्यक्रम के संयोजक चितरंजन सिंह राठौड़ ने अतिथियों व सर्व समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजवीर सिंह शेखावत व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बलवंत सिंह चिराणा ने किया। इनको मिला पुरस्कार, हुआ सम्मान कार्यक्रम में सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए का महाराज शेखाजी अलंकरण डॉ. वीके जैन को प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार राव राजा कल्याण सिंह रत्न 51 हजार का मुकेश आनंद व तृतीय पुरस्कार राजकुमार हरदयाल सिंह रत्न 51 हजार रुपए का दीप सिंह शेखावत को प्रदान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के कार्य करने पर पन्नालाल सारड़ा, गोपाल सोमानी, फूलचंद जांगिड़, भुपेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. सुधीर गोयल, दुर्गा रणवां व रामकुमार जाखड़ को सम्मानित किया गया। सीबीएसई परीक्षा में इंडिया टॉपर रही खुशी शेखावत एवं नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया टॉपर रहे महेश को भी पुरस्कृत किया जाएगा। नववर्ष पर शहर की सजावट करने वाले गायत्री टेंट, गढ़ गणेश टेंट, बालाजी टेंट एवं रामनवमीं पर निकली झांकियों में भाजपा, शिव हनुमान मंदिर, आवासन मंडल व राधाकिशनपुरा मंडल की झांकियों के संचालकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सह संयोजक राजेंद्र खंडेलवाल व सुमेर सिंह कुडी, कार्यक्रम प्रभारी राम सिंह पिपराली एवं जयपाल सिंह तारपुरा, मदन सिंह गोगावास, अजीत कुमार भार्गव, सुल्तान सिंह नागवा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, ईश्वर सिंह राठौड़, महेश शर्मा, विष्णु चेतानी, गजानंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, डॉ. कमल सिखवाल, परमेश्वर शर्मा, सुरेश अठावाल, अमन कामदार, जितेंद्र सिंह रानोली, कांता प्रसाद मोर, सीए सुनील मोर, सीए प्रहलाद झूरिया, नेकीराम आर्य, केडी बाबर, रतनलाल सैनी, शोभसिंह अनोखू, बीडी सिंधी, महावीर पुरोहित, अशोक चौधरी, गोपाल सिंह शेखावत, डॉ. एनएम गोयल, अमर सिंह कविया, आरके चौबदार, भवानी सिंह गोगावास, सुरेंद्र त्रिहन, राधेश्याम कुमावत, गोविंद सैनी आदि मौजूद रहे।राव राजा कल्याण सिंह बहादुर के 139वीं जयंती पर राजकुमार हरदयाल सिंह त्रैलाक्य राज्य लक्ष्मी देवी ट्रस्ट एवं सर्व समाज ने किया भव्य आयोजन

## योग दिवस पर जिला स्तरीय समारोह आज

**चूरू** । 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह शनिवार 21 जून को हर्षोंल्लास के साथ मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग की ओर से होने वाला जिला स्तरीय समारोह इस बार जिले में तीन स्थानों पर आयोजित होगा। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि इस बार जिला मुख्यालय पर सरदारशहर रोड स्थित सेठानी जोहड़, धार्मिक स्थल सालासर बालाजी गौशाला मैदान और पर्यटन स्थल ताल छापर वन विभाग गेस्ट हाउस में होगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को समुचित निर्देश दिए गये हैं। आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ शनिवार प्रातः 6 बजे होगा। 6:15 अतिथियों का आगमन होगा। 6:20 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जायेगा, 6:30 बजे प्रधानमंत्री के लाइव संदेश का प्रसारण होगा, 07 बजे सामूहिक योगाभ्यास होगा, 7:45 मुख्य अतिथि द्वारा योग का संकल्प दिलाया जायेगा और 7:50 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। सत्यवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने एक आदेश जारी कर आमजन को अधिकाधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ और सही रखें।

## सार-समाचार

### पीएम व सीएम को पत्र लिखा

**सीकर** । सीकर संभाग व नीमकाथाना को जिला बहाली की मांग लेकर बाजोर फाउण्डेशन सीकर द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा । बाजोर फाउण्डेशन की संरक्षक चम्पा बाजोर ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के नव गठित संभागों, जिलों को निरस्त किया गया था, जिनमें सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला भी शामिल है। राजस्थान सरकार ने सीकर संभाग का दर्जा व नीमकाथाना से जिला का दर्जा छीन कर आम अवाम के हितों पर कुठाराघात किया है। बाजोर फाउण्डेशन के संस्थापक एडवोकेट मोहन बाजोर ने बताया कि फाउण्डेशन की तरफ से प्रधानमंत्री कार्यालय व मुख्यमंत्री कार्यालय में पत्र ई-मेल कर सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला बहाली की मांग की गई है। एडवोकेट मोहन बाजोर ने पत्र में लिखा कि सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला राजस्थान सरकार के जिला व संभाग बनाने के सभी प्रकार के मापदण्डों को पूरा करते हैं, फिर भी इनकों निरस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मोहन बाजोर ने प्रधानमंत्री से मांग करते हुए लिखा की राजस्थान में डबल इंजन की सरकार के होते हुए भी वीरों की धरती, शिक्षा नगरी सीकर से संभाग निरस्त करने का खामियाजा आगामी चुनावों में भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

### शिविर में ''दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता'' का भव्य आयोजन

**पाटन** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ पाटन की ओर से आयोजित ठाीष्मकालीन अभिरुचि शिविर के अंतर्गत आज रंगारंग ''दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ एक-दूसरी को पारंपरिक दुल्हन की तरह सजाया और अपने सौंदर्य-सज्जा कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में डिम्पल ने अद्वितीय साज-सज्जा और रचनात्मकता के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं मधु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। दोनों विजेताओं को विशेष सम्मान के साथ पुरस्कृत किया गया।शिविर की संचालिका व विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती निर्मला देवी ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं।इस आयोजन में प्रतियोगिता प्रभारी अनुष्का, दीपिका, गीता व लाली की सक्रिय उपस्थिति व सहयोग उल्लेखनीय रहा।

### वैश्विक स्वास्थ्य का मंत्र

**पाटन** निकटवर्ती ठााम हसामपुर की योग प्रक्षिक्षक एवं हाल बीटस पिलानी की प्रियंका अठावाल ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग सिर्फ एक अभ्यास नही बल्कि जीवन जीने की एक कला है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य सभी को योग से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ जीने की दिशा में प्रेरित करना। महामारी तनाव, असंतुलित जीवनशैली के दौर में योग ही एक मात्र ऐसा साधन है जो तन, मन और आत्मा को सन्तुलित व स्वस्थ करता है। 2025 में, अंतरराष्ट्रिय योग दिवस की थीम है ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' इस थीम का मतलब है।हम सब की सेहत इस धरती के स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है।

### हरित ऋषि गोदारा के जन्मदिन पर शेखावाटी अंचल में पौधारोपण

**उदयपुरवाटी** । निसं। हरित ऋषि डॉक्टर हरि सिंह गोदारा के जन्म दिवस पर शेखावाटी के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम समन्वयक दिनेश सांखला ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम गुढ़ागौड़जी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह मनोज कुमार के सानिध्य में आयोजित किया गया । यहां पर पौधारोपण करने के साथ-साथ मानसून सत्र में सघन वृक्षारोपण का संकल्प भी दोहराया गया। झुंझुनू,फतेहपुर, खेतड़ी, सिघांना, श्रीमाधोपुर, चुरु, खंडेला, आदि स्थानों पर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में चंद्रसिंह ओला ,मोहन सिंह नेवरी ,राजवीर सिंह बगड़िया, अंकुर कुमार ,अनिल पारीक ,सरजीत,दीपेंद्र कल्याण ,निकिता कुमावत, तनु सांखला,अनीता कीचड़ ,सुनील मेचू, अनिता कुमावत ,दिव्या शेखावत निकिता ओला, अलका ,एमजी ग्लोबल डायरेक्ट आशा सिंह ,एमडी प्रवेश,वाइस प्रिंसिपल अक्षत, युवा नेता सुनील गोदारा, छात्र नेता अनील मीणा आदि उपस्थित रहें।

### समर कैंप का समापन

उदयपुरवाटी निसं । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इंद्रपुरा में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप का शुक्रवार को प्रेरणा सत्र, प्रमाण पत्र वितरण तथा समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।समापन समारोह के दौरान प्रेरणादायक उद्बोधन में शिक्षकों और अतिथियों ने छात्रों को भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता के प्रति जागरूक और गर्वित रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर प्रभारी मनीष नरूका ने कैंप की गतिविधियों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, विविधता की समझ और आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं।विद्यालय के प्राचार्य मनवीर सिंह मीना ने समस्त प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह शिविर छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अनुभव रहा। उन्होंने शिक्षकों, आयोजकों और छात्रों को उनके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।समारोह के अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और इस आयोजन को स्मरणीय और प्रेरणादायक बताया।

### योग दिवस खेल मैदान में होगा

उदयपुरवाटी 20 जून।निसं। योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को उपखण्ड स्तरीय 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उदयपुरवाटी के खेल मैदान में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा । आयुर्वेद विभाग के ब्लाक नोडल एवं योग प्रभारी डॉ प्रताप राम कुमावत ने बताया कि समारोह में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक विभिन्न योग क्रियाओं द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि ,प्रशासनिक एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित होकर योगाभ्यास करेंगें। आयुर्वेद विभाग द्वारा सभी नागरिकों से अधिक से अधिक योगाभ्यास कार्यक्रम में पहुंच कर योग दिवस मनाने कि अपील कि गयी है।

### पुस्तकों पर केन्द्रित होगी पुस्तक चर्चा

बीकानेर, । अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बीकानेर इकाई द्वारा आयोजित मासिक पुस्तक चर्चा श्रृंखला की तीसरी कड़ी में 'पाठक-पीठिका' के अंतर्गत चर्चा रखी गई है। कार्यक्रम प्रभारी मोनिका गौड़ ने बताया कि इस माह प्रसिद्ध साहित्यकार वैद्य विद्यासागर पंचारिया के चर्चित उपन्यास 'सूर्य रथ रुके नहीं' पर वरिष्ठ उपन्यासकार सुरेशकुमार सोनी (सिंथेलियन) चर्चा करेंगे। वहीं, उनकी कविताओं की पुस्तक 'मेरे मन की मीत' पर शिक्षिका श्रीमती सुनीता सेवग द्वारा पत्रवाचन किया जाएगा।

### गुड़ का वितरण किया

नोखा, रोटरी क्लब नोखा ने गायों की देखभाल के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। क्लब ने श्री राधे कृष्ण गोशाला नाथूसर में गायों को गर्मी से राहत देने के लिए विशेष व्यवस्था की है। गोशाला के प्रबंधक श्रीदेवी सिंह को दो बड़े कूलर और छह सीलिंग फैन सौंपे गए। साथ ही गायों के लिए गुड़ भी दिया गया। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब के अध्यक्ष किशोर दमानी और सचिव ओम प्रकाश राठी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई प्रमुख रोटेरियन सदस्य मौजूद रहे। इनमें ईश्वर दूगड़, कैलाश झवर, नारायण बाहेती, नारायण जोशी और रामगोपाल चांडक शामिल थे। गौशाला के प्रबंधक देवी सिंह ने इस सहयोग के लिए रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया।

### आचार्यों का प्रशिक्षण पूरा

नोखा, जोधपुर प्रांत की विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण आदर्श संस्थान बीकानेर और नागौर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण संयोजक रामसिंह राठौड़ ने बताया कि इस शिविर में नागौर और बीकानेर जिले से 52 आचार्य-दीदी ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण विद्या भारती में नए जुड़ने वाले आचार्यों के लिए सेवापूर्व कार्यक्रम था। समापन सत्र में मुख्य वक्ता ने कहा कि विद्या भारती शुरू से ही भारत केंद्रित संस्कार युक्त शिक्षा के लिए कार्यरत है। प्रशिक्षण सहसंयोजक मूलचंद सारस्वत ने बताया कि इस प्रशिक्षण से शिक्षकों की जीवन शैली और रहन-सहन में बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि ये शिक्षक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे समाज का भविष्य हैं।

## जिला कारागृह सीकर का निरीक्षण

**सीकर,** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मॉडल जेल मेन्यूल 2016 के अंतर्गत गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के संयुक्त दल द्वारा शुक्रवार को शिवसिंह पुरा रोड़ पर स्थित जिला कारागृह, सीकर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दल द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कारागृह में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। बंदियों द्वारा बताया गया कि जेल में कार्य व्यवस्था पूर्णतः निष्पक्ष है तथा किसी भी प्रकार का जातिगत या वर्ग आधारित भेदभाव नहीं किया जाता। विशेष रूप से लंगरखाना (रसोईघर) का निरीक्षण कर वहाँ कार्यरत बंदियों से बातचीत की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि भोजन निर्माण प्रक्रिया में भी समानता व समरसता का वातावरण बना हुआ है। निरीक्षण के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, प्रियंका पारीक, विकास सिहाग, संयुक्त निदेशक कृषि प्रिया झाझडिया, अधिशासी अभियंता सुधीर कुमार, राकेश कुमार चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार महरिया शामिल थे।

## खोतडी की भावी डॉक्टर का किया भव्य सम्मान

**रतनगढ़( निसं )** स्थित केपीएस उ.मा.विधालय रतनगढ़ की पूर्व छात्रा निरमा पडगड पुत्री श्री नेमीचन्द पडगड 2025 प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 4177 तथा राजस्थान में 1573 वी रैंक प्राप्त कर मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की इस अवसर पर विधालय के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गोदारा विधालय के प्रबंध निदेशक विजय गोदारा महाविधालय प्राचार्य डॉ. यशवीर दहिया , प्रधानाचार्य रेवन्तराम,परिसर प्रशासक नरेश शर्मा ने माला , साफा पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी । इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

## 108 बार किया गया सूर्य नमस्कार

**सीकर** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थित होलिस्टिक वेलनेस सेंटर द्वारा एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की कई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध वेलनेस कोच और होलिस्टिक वेलनेस सेंटर की संचालिका निधि शर्मा ने किया।कार्यक्रम के दौरान निधि शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण जीवनशैली है जो व्यक्ति के संपूर्ण कल्याण को प्रभावित करती है।इस आयोजन में योगा प्रोटोकोल के अंतर्गत विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया, साथ ही प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से 108 सूर्य नमस्कार भी किए, जो कि पूरे कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मबल, स्वास्थ्य और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना था।सहभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रभावशाली और ऊर्जादायक अनुभव बताया।महिला पतंजलि योग समिति की मिडिया प्रभारी शिवानी तिवाड़ी ने कहा कि इस बार योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए न केवल सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि योग के स्वास्थ्यवर्धक लाभों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।योग प्रशिक्षण शिविरः 10 जून से लेकर 20 जून तक विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के लिए निःशुल्क योग शिविर आयोजित किए गए।समिति की महिलाओं घर-घर जाकर लोगों को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ठाामीण और शहरी क्षेत्रों में भी महिला समूहों द्वारा योग की जानकारी साझा की जा रही है।

## '3 साल में राजस्थान को मिलेगा सिंधु नदी का जल'

**श्रीगंगानगर** । भाजपा द्वारा प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि भाजपा जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसे बड़े वादे पूरे किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी, युवा, किसान और गरीब को ही असली जाति माना है। सरकार इन्हीं वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद का डटकर मुकाबला करता है। पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रमाण हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कहा- सिंचाई पानी उपलब्ध करवाना पार्टी का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच साल में सिंचाई मंत्री ने श्रीगंगानगर का दौरा तक नहीं किया। वहीं, मुख्यमंत्री बनते ही भजनलाल शर्मा ने नहरी तंत्र का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए। शरणपाल सिंह ने बताया कि पंजाब में गंगनहर से पानी चोरी बड़ी समस्या है। इसे रोकने के लिए राजस्थान सरकार ने गंगनहर के पटड़ों पर सड़क बनाने के लिए बजट जारी किया है। सड़क बनने के बाद पानी चोरी पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री ने सिंधु नदी का पानी राजस्थान को देने का आश्वासन दिया है। सब कुछ ठीक रहा तो अगले तीन साल में सिंधु नदी का पानी राजस्थान को मिलने लगेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार तय हिस्से से ज्यादा पानी अपनी नहरों में चला रही है, जिससे राजस्थान के किसानों को नुकसान हो रहा है। भाजपा इस पर रणनीति बना रही है। अगर पंजाब सरकार ने रवैया नहीं बदला तो भाजपा आंदोलन करेगी। सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि राजस्थान का सिंचाई विभाग, पंजाब के सिंचाई विभाग से समन्वय कर किसानों को पूरा पानी दिलाने के लिए गंभीर है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात की है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से बात कर जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जून में हर साल श्रीगंगानगर में पानी की कमी रहती है। जून 2023 में भी कांग्रेस सरकार के समय किसान परेशान हुए थे। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी ने कहा कि सिंचाई पानी पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने आंदोलन किए। अब सत्ता में हैं तो मुख्यमंत्री से लेकर अधिकारियों तक बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में पानी चोरी रोकने की जिम्मेदारी वहां की पुलिस की है। लेकिन कार्रवाई नहीं होती, जिससे किसान खुलेआम पानी चुराते हैं। इसका खामियाजा राजस्थान के किसानों को भुगतना पड़ता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, विधायक गुरवीर सिंह बराड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी, जिला प्रमुख कविता रैगर, पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़ और अशोक नागपाल, पूर्व विधायक संतोष बावरी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी और डॉ. बृजमोहन सहारण मौजूद रहे।

## जल संरक्षण के लिए प्रेरक संदेश दिए

बीकानेर। पतंजलि योग समिति एवं युवा भारत के तत्वाधान में एम.एम. ग्राउंड में चल रहे निःशुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर के अंतर्गत आज जल संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने भाग लिया और पानी बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन शिविर संयोजक नंदकिशोर गहलोत, नरेंद्र सुथार, भवानी शंकर सांखला,विकास जी जोशी, कैलाश स्वामी,गुड्डी देवी,शोभा कच्छावा, जयश्री रंगा, तुलसी, दीप्ति, खुशी, हेमलता, करिश्मा, मोहित सुथार, टीना नायक आदि कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेरक व सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी ने जल संकट पर आधारित थीम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने 'बूंद-बूंद पानी बचाओ', 'वंदे गंगा' वाटर नेक्टर, जैसे स्लोगन और जल संरक्षण संबंधी पोस्टर्स के माध्यम से जन जागरूकता का प्रयास किया। चित्रों में शिविर के प्रतिभागियों को जल संरक्षण की महत्ता बताते हुए विभिन्न संदेशों के साथ देखा गया, जिनमें 'पानी जीवन है'।

## योग संगम का आयोजन

**बीकानेर** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल के तहत महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, को प्रातः 07:00 बजे से 08:00 बजे तक "योग संगम-2025" का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। इस योग संगम कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्याथिर्यों के साथ-साथ 495 सम्बद्ध महाविद्यालयों के लगभग 5.00 लाख विद्याथिर्यों एवं संकाय सदस्यों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़कर एक साथ योगाभ्यास करवाया जाएंगा जिसके लिए महाविद्यालयों को ऑनलाइन लिंक प्रेषित कर दिया गया है। योग संगम कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के 05 सर्वश्रेष्ठ योगार्थी को विश्वविद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएंगा। इसके लिए महाविद्यालयों को योगाभ्यास का वीडियों एवं फोटोग्राफ भेजने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। योग संगम कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आज दिनांक 20 जून, को सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचायी से ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालयो को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकाल की पालना करने हेतु निर्देशित कर दिया है। इस अवसर पर कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने प्राचायी से कहा कि महाविद्यालय में अध्ययनत विद्याथिर्यों एवं स्टॉफ सदस्यों को एक जगह बैठाकर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध लिंक से जुड़ने एवं ऑनलाइन योग करवाने की व्यवस्था करावें। आचार्य दीक्षित ने कहा कि महाविद्यालय प्रतिदिन अध्ययनरत विद्याथिर्यों को कम से कम 10 मिनट योगाभ्यास आवश्यक रूप से करावें। यदि महाविद्यालय द्वारा भविष्य में योग से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है तो विश्वविद्यालय स्तर से योग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

साथ ही महाविद्यालय योग पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु आवेदन करता है तो विश्वविद्यालय अपनी प्रक्रियानुसार संबंद्वता प्रदान करने की कार्यवाही करेंगा। विश्वविद्यालय कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक अरविन्द बिश्नोई ने प्राचार्यों से कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक महाविद्यालय ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर विद्याथिर्यों को योगाभ्यास का लाभ लेने हेतु प्रेरित करे।

## आरयूआईडीपी के वीमेन इंटर्नशिप प्रोग्राम

**रतनगढ़( निसं )** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) ने अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम ''वीमेन इंटर्नशिप प्रोठााम'' में इंटर्नशिप कर रही इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए ऑनलाइन इंडक्शन प्रोठााम का आयोजन किया। परियाजना निदेशक श्री पीयूष सामरिया की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में जयपुर सहित 15 से अधिक परियोजना शहरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़ी 200 से अधिक इंटर्न्स ने भाग लिया। श्री पीयूष सामरिया ने इंटर्न्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीमेन इंटर्नशिप प्रोठााम आरयूआईडीपी की एक ऐतिहासिक पहल है जिसे एशियाई विकास बैंक द्वारा फंडेड प्रोजेक्ट्स में विशिष्ट दर्जा हासिल है। उन्होंने कहा कि इस इंटर्नशिप के द्वारा इंजीनियरिंग छात्राओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च टेक्निकल स्टैंडर्ड्स और गुणवत्ता के लिए अपनी पहचान रखने वाली शहरी परियोजना आरयूआईडीपी में कार्य करने और इसे समझने को अवसर मिलेगा। श्री सामरिया ने इंटर्न्स से आठाह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठायें, जिज्ञासा करें, सवाल पूछें और अधिक से अधिक सीखें । अतिरिक्त परियोजना निदेशक-द्वितीय डॉ हेमंत कुमार शर्मा ने वीमेन इंटर्नशिप प्रोठााम को प्रोजेक्ट का फ्लैगशिप कार्यक्रम बताया जिसे एडीबी द्वारा सराहा गया है। इसका उद्देश्य अर्बन सेक्टर में महिला इंजीनियर्स की भागीदारी बढ़ाना है। वित्तीय सलाहकार श्रीमती जिज्ञासा गौड़ ने वीमेन इंटर्नशिप को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम बताया और कहा कि कैप टीम ने इसे सफल बनाने के लिए सराहनीय कार्य किया है।

प्रोजेक्ट अफसर श्री शिव रतन पारीक ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी का धन्यवाद किया और इंटर्न्स से पूरी लगन और मेहनत से इंटर्नशिप करने को कहा। कार्यक्रम में पूर्व इंटर्न्स ने भी परियोजना में इंटर्नशिप के दौरान हुए अपने अनुभव साझा किये। कैप टीम लीडर श्री बाबूलाल शर्मा ने कार्यक्रम में वीमेन इंटर्नशिप प्रोठााम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। ट्रेनिंग एक्सपर्ट श्री राकेश नाथ तिवारी ने 6 हफ्ते की इंटर्नशिप की रूप रेखा की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त परियोजना निदेशक-प्रथम श्री डी. के. मीना, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता श्री के. के. नाटाणी, उप परियोजना निदेशक (प्रशासन एवं तकनीकी) श्री कपिल गुप्ता, परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) से अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंताओं एवं सलाहकारी फर्मो के अधिकारियों ने सहभागिता निभाई।

गौरतलब है कि आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण में जेंडर एक्शन प्लान के अंतर्गत वीमेन इंटर्नशिप प्रोठााम का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत एक हज़ार इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट सम्बन्धी विषयों में अध्ययनरत छात्राओं को इंटर्नशिप दी जाएगी। इंटर्नशिप सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर 24 हज़ार रुपये मानदेय और प्रमाणपत्र दिया जाता है।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन,

■ रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, गली क्रिकेट टीम बनी चैंपियन

**रतनगढ( निसं )** शहर के न्यू लिंक रोड पर चौधरी मुक्तिधाम के सामने स्तिथ केडी स्पोटर्स ठााउंड पर चल रही रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का सम्मापन गुरुवार देर रात हुआ। आयोजक सुनील वर्मा ने बताया कि। एक सप्ताह तक चली प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। गुरूवार रात गली क्रिकेट टीम व आर स्टार के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें गली क्रिकेट टीम ने शानदार जीत दर्ज करते हुए ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मैच समापन पर बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाडी के मुख्य अतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी राजेंद्र सिंह बिदावत, नर्सिंग ऑफिसर गौरीशंकर सैनी,अमित सैनी चूरू एंव गजेन्द्र सिंह शेखवात चूरू मंचस्थ थे। इस दौरान विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार नगद, एंव उप विजेता टीम को ट्रोफी के साथ 5 हजार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाडी ने कहा कि खेल युवाओं के लिए अति आवश्यक है, खेल से युवा वर्ग फिट रहता है। और युवा वर्ग फिट रहेगा तभी देश ओर समाज आगे बढ़ेगा। विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी का वितरण संजीवनी हॉस्पिटल के आर्थिक सौजन्य से किया गया। सफल अयोजन के लिए आयोजक सुनील वर्मा,चंद्रप्रकाश सुईवाल,अनिल वर्मा व अशोक वर्मा ने सभी का आभार जताया। मैच का आंखों देखा हाल देवीसिंह पंवार व कान्हा ने संयुक्त रूप से किया।